सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक25.04.2020

सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय रांची
विज्ञप्ति संख्या- ***271/2020***
25 अप्रैल ***2020***
सूचना भवन, रांची।

=======================

राज्य स्तरीय कोरोना नियंत्रण केंद्र में जरूरतमंदों के रोजाना प्राप्त हो रहें हैं हजारों कॉल

==========================

रांची। राज्य स्तरीय कोरोना नियंत्रण केंद्र में राज्य के जरूरतमंदों के रोजाना हजारों कॉल प्राप्त हो रहें हैं। नियंत्रण केंद्र द्वारा लॉक डाउन में फंसे लोग, चिकित्सा, खाद्यान्न आपूर्ति, विधि व्यवस्था से संबंधित शिकायतों का निष्पादन एवं सहायता त्वरित रूप से किया जा रहा है। राज्य का कोई भी व्यक्ति कोविड-***19*** के वजह से जारी इस लॉक डाउन में सहायता हेतु टोल फ्री नंबर ***181*** पर संपर्क कर सकता है।

राज्य स्तरीय कोरोना नियंत्रण केंद्र की तत्परता से जरूरतमंदों तक पहुंचा राशन

पूर्वी सिंहभूम जिले के गौरव लॉक डाउन होने के कारण अपने परिवार के लिए राशन खरीदने में असमर्थ थे । सहायता के लिए कोरोना नियंत्रण केंद्र में शिकायत दर्ज कराई। जिसके तुरंत बाद इन्हें राशन उपलब्ध कराया गया । इनकी तरह ही हज़ारीबाग़ की रामवती देवी, रामगढ़ की पौरो देवी,पलामू जिले के लल्लन रवि एवं बोकारो जिले के रब्बुल अंसारी को त्वरित कार्रवाई करते हुए राशन उपलब्ध कराया गया।

विद्यालय के ***40*** छात्र-छात्राओं के घर-घर जाकर वितरित किया गया चावल

दुमका जिले के एक उत्क्रमित मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों के घर तक राशन नही पहुंचाने का शिकायत प्राप्त हुआ। जिला शिक्षा अधीक्षक दुमका द्वारा तुरंत मामले को संज्ञान में लेते हुए उक्त विद्यालय के ***40*** छात्र-छात्राओं को निर्धारित मात्रा में चावल घर-घर जाकर वितरित कराया गया।

गिरिडीह के मुख्यमंत्री कैंटीन में अब दोनों वक्त मिलेगा भोजन

गिरिडीह जिले में मुख्यमंत्री कैंटीन योजना के संचालक सुमित कुमार द्वारा एक ही समय खिचड़ी का वितरण किया जा रहा था। जिसपर गिरिडीह जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सुबह ***9:00*** से ***10:00*** बजे तक एवं ***1:00*** से ***2:00*** बजे तक खिचड़ी वितरण करना सुनिश्चित कराया।

मोहनपुर ग्राम के चापाकल को कराया गया ठीक

गोड्डा जिले के मोहनपुर ग्राम में चापाकल ***5*** दिनों से खराब था। इस वजह से लगभग ***25*** घरों में पेयजल हेतु काफी समस्या हो रही थी। जिसकी शिकायत जलसहिया से की गई परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। गांव के लोगों द्वारा इस हेतु कोरोना नियंत्रण केंद्र में संपर्क किया गया। जिस पर गोड्डा जिले के नोडल पदाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चापाकल ठीक करवा दिया।

###

==================

#TeamPRDJharkhand